Seventeenth Loksabha

an>

Title : Need to remove CSAT paper from Civil Services Examination - laid.

*m0**1**

श्री राम कृपाल यादव (**पाटलिपुत्र**): मैं सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए बताना चाहता हूँ कि यूपीएससी द्वारा ली जाने वाली प्रारंभिक परीक्षा में दो पेपर जिसमें सामान्य अध्ययन और सी-सेट होते हैं । सी-सेट को सिविल सेवा अभिरूचि परीक्षा भी कहते हैं जिसमें सामान्य अध्ययन वस्तुनिष्ठ प्रकार के 100 प्रश्नों का जिसमें प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का होता है जिसके आधार पर प्रारंभिक परीक्षा मेधा सूची तैयार की जाती है परंतु 2011 से सी-सेट को इस परीक्षा में शामिल किया गया जिसकी प्रकृति वस्तुनिष्ठ प्रकार की है जिसमें प्रश्नों की संख्या 80 होती है । इसी के आधार पर मेधा सूची बनने लगी जिसमें एक खास समुदाय को विशेष फायदा होने लगा और गैर अंग्रेजी छात्र असफल होने लगे और उन्होंने शांतिपूर्ण मांग के माध्यम से 2015 में इसको क्वालीफाई प्रकृति का करवा लिया फिर भी जो विसंगतियाँ पहले थी वो आज भी है । 2011 से पहले जहां हिंदी माध्यम के लगभग 35 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण होते थे, वहीं 2011 से यह 2.16 प्रतिशत रह गया । 2018 में 758 कुल पदों में मात्र 18 हिंदी से तथा 721 अंग्रेजी से तथा अन्य भारतीय भाषाओं से 20 है ।

अतः सी सेट के आने के बाद गिरावट को देखते हुए सुझाव है कि सी-सेट को हटाने की कृपा की जाए ।